Nai Dunia (Indore), 23rd March 2024, Nai Dunia City, Page - IV

# आइआइटी में 'जल ही जीवन' विषय पर कार्यशाला

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में डीएसटी-सेंटर फार पालिसी रिसर्च द्वारा 22 मार्च को जल ही जीवन विषय पर कार्यशाला की शुरुआत की गई। इसका उद्देश्य विश्व जल दिवस के अवसर पर महत्वपूर्ण जल संबंधी समस्याओं पर चर्चा करना और उसका स्थायी समाधान ढूंढना है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने किया।

प्रो. जोशी ने कहा कार्यशाला में आइआइटी इंदौर परिसर में विशेष रूप से तैयार किए गए वर्षा जल संचयन पर चर्चा की जाएगी। इससे प्रतिभागियों में स्थायी जल प्रबंधन पद्धतियों की गहरी समझ बढ़ेगी। साथ ही हम समसामयिक जल चुनौतियों, कमी और स्थिरता पर भी चर्चा करेंगे। आइआइटी गांधीनगर के प्रो. प्रणब महापात्रा ने प्रौद्योगिकी और स्थायी पद्धतियों के एकीकरण पर जोर देते हुए जल के प्रति शहर को संवेदनशील बनाने के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यशाला में जल-सुरक्षित भविष्य हासिल करने पर बात हुई।